The Rama University Uttar Pradesh Act, 2013

Act 1 of 2014

Keyword(s):
Board, Society, Hostel, Existing College, Department, Teacher of the University

DISCLAIMER: This document is being furnished to you for your information by PRS Legislative Research (PRS). The contents of this document have been obtained from sources PRS believes to be reliable. These contents have not been independently verified, and PRS makes no representation or warranty as to the accuracy, completeness or correctness. In some cases the Principal Act and/or Amendment Act may not be available. Principal Acts may or may not include subsequent amendments. For authoritative text, please contact the relevant state department concerned or refer to the latest government publication or the gazette notification. Any person using this material should take their own professional and legal advice before acting on any information contained in this document. PRS or any persons connected with it do not accept any liability arising from the use of this document. PRS or any persons connected with it shall not be in any way responsible for any loss, damage, or distress to any person on account of any action taken or not taken on the basis of this document.

क्रम सं०–15

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी०/एल०
डब्लू०/एन०पी०–91/2011–13
लाइसेन्स टु पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तर प्रदेश अधिनियम)

लखनऊ, शुक्रवार, 10 जनवरी, 2014

पौष 20, 1935 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार

विधायी अनुभाग–1

संख्या 46/79-वि-1–14-1(क)-8-2013

लखनऊ, 10 जनवरी, 2014

अधिसूचना

विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन राज्यपाल महोदय ने रामा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2013 पर दिनांक 10 जनवरी, 2014 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 सन् 2014 के रूप में सर्वसाधारण की सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है

रामा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश अधिनियम, 2013

(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 सन् 2014)

[जैसा उत्तर प्रदेश विधान मण्डल द्वारा पारित हुआ]

रामा एजुकेशनल सोसाइटी, कानपुर द्वारा प्रायोजित उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक अध्यापन विश्वविद्यालय स्थापित करने और उसको निगमित करने और उससे सम्बन्धित या आनुषंगिक विषयों की व्यवस्था करने के लिये

अधिनियम

भारत गणराज्य के चौसठवें वर्ष में निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है:–

1–यह अधिनियम रामा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश अधिनियम, 2013 कहा जायेगा। संक्षिप्त नाम

परिभाषाएँ

2–जब तक सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस अधिनियम में–

(क) "विद्या परिषद्" का तात्पर्य विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् से है;

(ख) "बोर्ड" का तात्पर्य विश्वविद्यालय के पाठ्य बोर्ड और योजना बोर्ड या किसी अन्य बोर्ड से है;

(ग) "कुलाधिपति", "कुलपति" और "प्रति–कुलपति" का तात्पर्य विश्वविद्यालय के क्रमशः कुलाधिपति, कुलपति और प्रति–कुलपति से है;

(घ) "सभा" का तात्पर्य विश्वविद्यालय की सभा से है;

(ङ) "निदेशक/प्राचार्य" का तात्पर्य किसी महाविद्यालय, संस्था, केन्द्र और विद्यालय के प्रधान से है या उसकी अनुपस्थिति में इस रूप में कार्य करने के प्रयोजन हेतु नियुक्त व्यक्ति से है;

(च) "विभाग" का तात्पर्य किसी अध्ययन विभाग से है और इसके अन्तर्गत अध्ययन और अनुसन्धान केन्द्र भी हैं;

(छ) "कर्मचारी" का तात्पर्य विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त किसी व्यक्ति से है और जिसमें विश्वविद्यालय के अध्यापक या कर्मचारिवर्ग के अन्य सदस्य भी हैं;

(ज) "कार्य परिषद्" का तात्पर्य विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् से है;

(झ) "विद्यमान महाविद्यालय" का तात्पर्य ऐसे महाविद्यालय या संस्था से है जो शिक्षा प्रदान करता है तथा जिसे विश्वविद्यालय द्वारा विलय करना तथा अनुरक्षित करना प्रस्तावित है;

(ञ) "संकाय" का तात्पर्य विश्वविद्यालय के संकाय से है;

(ट) "छात्रावास" का तात्पर्य विश्वविद्यालय के छात्रों के निवास से है;

(ठ) "संस्था/कॉलेज" का तात्पर्य इस अधिनियम एवं परिनियमों के अनुसार विश्वविद्यालय में स्थापित, अनुरक्षित, शैक्षणिक संस्था अथवा कॉलेज से है और इसमें चिकित्सालय, स्वास्थ्य और शोध केन्द्र सम्मिलित हैं;

(ड) "विहित" का तात्पर्य परिनियमों द्वारा विहित से है;

(ढ) "अभिलेखों और प्रकाशनों" का तात्पर्य विश्वविद्यालय के अभिलेखों और प्रकाशनों से है;

(ण) "सोसाइटी" का तात्पर्य सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन रजिस्ट्रीकृत रामा एजुकेशनल सोसाइटी, कानपुर से है;

(त) "परिनियमों", "अध्यादेशों" और "विनियमों" का तात्पर्य तत्समय प्रवृत्त विश्वविद्यालय के क्रमशः परिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों से है;

(थ) "छात्र" का तात्पर्य विश्वविद्यालय के रजिस्टर में दर्ज किसी छात्र या शोध छात्र से है;

(द) "विश्वविद्यालय का अध्यापक" का तात्पर्य आचार्य, सहआचार्य, सहायक आचार्य या प्राध्यापक और किसी अन्य व्यक्ति से है जिसे विश्वविद्यालय में शिक्षा, शिक्षण, प्रशिक्षण प्रदान करने या शोध कार्य के संचालन के लिये नियुक्त किया जाय और अध्यादेशों द्वारा अध्यापक के रूप में पदाभिहित किया जाय;

(ध) "विश्वविद्यालय" का तात्पर्य धारा 3 के अधीन स्थापित रामा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश से है।

विश्वविद्यालय की स्थापना

3–(1) कानपुर, उत्तर प्रदेश में सोसाइटी द्वारा रामा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के नाम से एक विश्वविद्यालय की स्थापना की जायेगी।

(2) विश्वविद्यालय एक निगमित निकाय होगा।

विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए शर्तें

4—सोसाइटी, जो प्रायोजक निकाय है, इस अधिनियम के अधीन विश्वविद्यालय स्थापित करने के प्रयोजनों से निम्नलिखित शर्तें पूरी करेगी, अर्थात् :—

(क) न्यूनतम 50 एकड़ परस्पर सटी हुई भूमि का स्वामित्व हो;

(ख) खण्ड (क) में निर्दिष्ट भूमि पर कम से कम 24,000 वर्ग मीटर कार्पेट एरिया में भवन निर्माण करेगी जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत शैक्षिक और प्रशासनिक प्रयोजनों के लिए होगा;

(ग) खण्ड (ख) में निर्दिष्ट भवन में कार्यालय और प्रयोगशालाओं में न्यूनतम पाँच करोड़ रूपये मूल्य के उपस्कर स्थापित करेगी;

(घ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार कम से कम सात विषयों में शिक्षण और/अथवा शोध के प्रयोजन के लिए विभागों हेतु अध्यापकों की नियुक्ति करेगी और अवस्थापना सुविधाएँ स्थापित करेगी;

(ङ.) विश्वविद्यालय के प्रशासन और कार्य व्यवस्था के लिए परिनियम और अध्यादेश बनायेगी; और

(च) ऐसी अन्य शर्तें पूरी करेगी जिनकी अपेक्षा विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा की जाय।

विश्वविद्यालय का आरम्भ

5—**(1)** राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के संचालन के प्रारम्भ के लिए प्रायोजक निकाय को प्राधिकार पत्र जारी किये जाने के पश्चात् ही विश्वविद्यालय प्रचालन आरम्भ करेगा।

(2) राज्य सरकार, सोसाइटी से प्राप्त, इस आशय के अभिलेख सहित कि धारा 4 में निर्दिष्ट सभी शर्तें पूरी कर ली गयी हैं, प्रस्ताव का सत्यापन करने के पश्चात् प्राधिकार पत्र जारी करेगी।

विश्वविद्यालय के उद्देश्य

6—विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्या की ऐसी शाखाओं में जिसे विश्वविद्यालय उचित समझें, अनुदेश, शोध और विस्तार सम्बन्धी सुविधाओं की व्यवस्था करके, ज्ञान एवं कौशल का प्रसार और अभिवृद्धि करना होगा और विश्वविद्यालय छात्रों और अध्यापकों को निम्नलिखित की प्रोन्नति के लिए आवश्यक वातावरण और सुविधायें प्रदान करने का प्रयास करेगा:—

(क) शिक्षा में नूतनता की प्रोन्नति करना जिससे पाठ्यक्रमों की पुनर्संरचना, अध्यापन, प्रशिक्षण और ज्ञानार्जन, जिसमें ऑनलाइन शिक्षण, विशिष्ट गुणवत्ता वाले शिक्षण, संतत् शिक्षा और ऐसे अन्य रूप भी हैं, की नवीन पद्धति और व्यक्तित्व के एकीकृत एवं समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके;

(ख) शिक्षा की विभिन्न शाखाओं में अध्ययन की प्रोन्नति करना;

(ग) अन्तर्शाखीय अध्ययन की प्रोन्नति करना; और

(घ) राष्ट्रीय एकीकरण, धर्म निरपेक्षता, सामाजिक समरसता और अन्तर्राष्ट्रीय सद्भाव एवं नैतिकता की अन्तःक्रिया करना।

विश्वविद्यालय की शक्तियाँ

7—विश्वविद्यालय की निम्नलिखित शक्तियाँ होंगी, अर्थात्:—

(क) विद्या की ऐसी शाखाओं में जिन्हें विश्वविद्यालय समय-समय पर अवधारित करे, शिक्षण की व्यवस्था करना और शोध के लिए तथा ज्ञान और कौशल की अभिवृद्धि एवं प्रसार के निमित्त व्यवस्था करना;

(ख) कृषि एवं पशुपालन, विज्ञान, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी, जैव एवं चिकित्सा विज्ञान, दन्त चिकित्सा विज्ञान, फार्मेसी, प्रबन्ध शास्त्र, होटल एवं सत्कार प्रबन्धन, विधि एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों तथा इतिहास, संस्कृति, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, मानविकी, दर्शनशास्त्र, समाज विज्ञान, कला (ललित कला एवं संगीत सहित) इत्यादि विषयों हेतु भी परिसर में, परिसर से बाहर, परिसर से दूर और उपग्रह केन्द्रों या केन्द्र संचालित करके अथवा दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा प्रदान करना और उनकी प्रोन्नति करना;

(ग) शिक्षाविदों एवं प्रख्यात अध्यापकों को प्रतिष्ठित आचार्य (प्रोफेसर इमेरिटस) के अलंकरण से सम्मानित करना;

(घ) ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जिन्हें विश्वविद्यालय अवधारित करे, व्यक्तियों की परीक्षा, मूल्यांकन या परीक्षण की किसी अन्य पद्धति के आधार पर डिप्लोमा या प्रमाण पत्र एवं उपाधि या अन्य विशिष्टताएँ प्रदान करना तथा समुचित और पर्याप्त कारणों से ऐसे डिप्लोमा, प्रमाण पत्रों, उपाधियों और शैक्षणिक विशिष्टताओं को वापस लेना;

(ङ) विहित रीति से मानद उपाधियाँ या अन्य विशिष्टताएँ प्रदान करना;

(च) ऐसे व्यक्तियों को, जो विश्वविद्यालय के सदस्य नहीं हैं, शिक्षण, अनुदेश तथा प्रशिक्षण प्रदान करना जिसके अन्तर्गत दूरस्थ/पत्राचार और ऐसे अन्य पाठ्यक्रम भी सम्मिलित हैं;

(छ) विश्वविद्यालय द्वारा अपेक्षित निदेशक पद, प्राचार्य पद, आचार्य पद, सह–आचार्य पद, सहायक आचार्य पद, प्राध्यापक पद और अन्य अध्यापन या शैक्षणिक पद संस्थित करना और उन पर नियुक्तियाँ करना;

(ज) प्रशासकीय, लिपिक वर्गीय और अन्य पदों का सृजन करना और उन पर नियुक्तियाँ करना;

(झ) किसी अन्य विश्वविद्यालय या संगठन में कार्यरत ऐसे व्यक्तियों, जिन्हें विशिष्ट ज्ञान हो, को स्थायी रूप से या किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए नियुक्त करना या उन्हें काम पर लगाना;

(ञ) किसी अन्य विश्वविद्यालय या देश और विदेश के प्राधिकरण या संस्था से ऐसी रीति से और ऐसे प्रयोजनों के लिए जैसा विश्वविद्यालय अवधारित करे, सहकार्य व सहयोग करना या उनको सहयुक्त करना;

(ट) शोध और शिक्षा के लिए परिसरों, संघटक महाविद्यालयों, विद्यालयों, संस्थाओं, चिकित्सालयों, शोध केन्द्रों में और ऐसे अन्य केन्द्रों, विशिष्टीकृत प्रयोगशालाओं या अन्य इकाइयों की स्थापना और अनुरक्षण करना जो विश्वविद्यालय की राय में उसके उद्देश्यों को अग्रसर करने के लिए आवश्यक हों;

(ठ) अध्येतावृत्तियों, छात्रवृत्तियों, अध्ययनवृत्तियों, पदक और पारितोषिकों को संस्थित करना और उन्हें प्रदान करना;

(ड) विश्वविद्यालय के भीतर आवासों, छात्रावासों की स्थापना और अनुरक्षण एवं पर्यवेक्षण करना और छात्रों एवं कर्मचारीवर्ग के स्वास्थ्य और सामान्य कल्याण सम्बन्धी कियाकलापों को प्रोन्नत करना;

(ढ) शोध और परामर्शी सेवाओं के लिए उपबन्ध करना और उक्त प्रयोजन के लिए अन्य संस्थाओं या इकाइयों के साथ ऐसी व्यवस्था में सम्मिलित होना जैसा विश्वविद्यालय आवश्यक समझे;

(ण) परिनियमों के अनुसार यथास्थिति केन्द्र, संस्था, विभाग या विद्यालय स्थापित करना;

(त) विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए मानक निर्धारित करना जिसके अन्तर्गत परीक्षा, मूल्यांकन या परीक्षण की कोई पद्धति हो सकती है;

(थ) शुल्क और अन्य प्रभारों को विहित करना, माँग करना और भुगतान प्राप्त करना;

(द) छात्रों एवं कर्मचारीवर्ग के लिए स्वास्थ्य, सामान्य कल्याण, पाठ्येतर/पाठ्य–सहवर्ती एवं मनोरंजन सम्बन्धी कार्यकलाप, क्रीड़ा एवं खेल–कूद इत्यादि की प्रोन्नति हेतु स्वास्थ्य केन्द्रों, चिकित्सालयों, छात्रावासों, आवासों, क्रीड़ा स्थलों, सभागारों इत्यादि को स्थापित और अनुरक्षित करना;

(ध) महिलाओं एवं अन्य वंचित छात्रों के उत्थान के लिए विशेष व्यवस्था करना जिन्हें विश्वविद्यालय उचित समझे;

(न) विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और छात्रों में अनुशासन विनियमित करना और उसका पालन कराना और इस सम्बन्ध में ऐसे अनुशासनिक उपाय करना जैसे विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक समझे जाय;

(प) विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और छात्रों के स्वास्थ्य और सामान्य कल्याण की प्रोन्नति के लिए व्यवस्था करना;

(फ) विश्वविद्यालय के उत्थान हेतु सोसाइटी के परामर्श से अंशदान, दान एवं अभिदान प्राप्त करना और पट्टे, किराये या विक्रय के आधार पर किसी सम्पत्ति का अर्जन, धारण, प्रबन्धन और व्ययन करना;

(ब) विश्वविद्यालय के प्रयोजनों के लिए सोसाइटी के अनुमोदन से विश्वविद्यालय की सम्पत्ति के विरुद्ध आडमान करके या बन्धक रखकर उधार लेना;

(भ) संविदा या अन्य किसी आधार पर ऐसे अतिथि आचार्यों, प्रतिष्ठित आचार्यों, परामर्शियों, अध्येताओं, विद्वानों, कलाकारों, पाठ्यक्रम लेखकों और ऐसे अन्य व्यक्तियों को नियुक्त करना जो विश्वविद्यालय के उद्देश्यों को अग्रसर करने में योगदान प्रदान कर सकें; और

(म) ऐसे समस्त अन्य कार्य और कृत्य करना जो विश्वविद्यालय के सभी या किन्हीं उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक, आनुषंगिक या सहायक हों।

प्रवेश और मानक

8–(1) विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों में प्रवेश तत्समय प्रवृत्त विधियों के अनुसार किये जायेंगे।

(2) विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करेगा कि उसके द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के शैक्षिक मानक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा अन्य विनियामक प्राधिकरणों के दिशा–निर्देशों के अनुसार हों।

(3) अध्यापक–छात्र अनुपात विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या अन्य सांविधिक निकायों के दिशा–निर्देशों के अनुसार होगा।

विश्वविद्यालय सभी वर्गों और मतावलम्बियों के लिए होगा

9–विश्वविद्यालय प्रत्येक लिंग, वंश, मत, जाति या वर्ग के व्यक्तियों के लिए होगा और विश्वविद्यालय के लिए यह विधिसम्मत नहीं होगा कि वह किसी व्यक्ति के लिए किसी अधिकारी, अध्यापक, कर्मचारिवृन्द या छात्र के रूप में उसमें प्रवेश किये जाने के लिए या उसमें कोई पद धारण करने के लिए या वहाँ से स्नातक करने के लिए हकदार करने के उद्देश्य से धार्मिक विश्वास या व्यवसाय की कोई परीक्षा, जो भी हो, ले या उस पर अधिरोपित करे:

परन्तु यह कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन–जातियों एवं नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों के लिये विश्वविद्यालय में पदों तथा कर्मचारियों की भर्ती पर तथा किसी पाठ्यक्रम में छात्रों के प्रवेश पर आरक्षण समय–समय पर राज्य सरकार के आदेशों द्वारा विनियमित किया जायेगा।

विश्वविद्यालय के अधिकारी

10–विश्वविद्यालय के निम्नलिखित अधिकारी होंगे:–

(क) कुलाधिपति;

(ख) प्रति–कुलाधिपति,

(ग) कुलपति;

(घ) प्रति–कुलपति;

(ड़) कोषाध्यक्ष;

(च) कुलसचिव;

(छ) वित्त अधिकारी;

(ज) परीक्षा नियंत्रक;

(झ) प्रवेश नियंत्रक;

(ञ) निदेशक / प्राचार्य;

(ट) संकायों के संकायाध्यक्ष;

(ठ) छात्र कल्याण का संकायाध्यक्ष;

(ड) मुख्य कुलानुशासक; और

(ढ) ऐसे अन्य अधिकारी जो परिनियमों द्वारा विश्वविद्यालय के अधि किये जायें।

कुलाधिपति

11–(1) कुलाधिपति की नियुक्ति सोसाइटी द्वारा ऐसी रीति से और ऐसी ३ जायेगी जैसी विहित की जाएं।

(2) कुलाधिपति सोसाइटी को सम्बोधित स्व–लिखित पत्र द्वारा अपना सकेगा।

(3) कुलाधिपति अपनी पदीय हैसियत से विश्वविद्यालय का प्रमुख तथ सभापति होगा और अन्तरिम कार्य परिषद् का गठन करेगा।

प्रति–कुलाधिपति

12–(1) प्रति–कुलाधिपति की नियुक्ति सोसाइटी के परामर्श से कुलाधिपति वर्ष की अवधि के लिए की जायेगी और वह ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा और का सम्पादन करेगा जैसा विहित किया जाय।

(2) प्रति–कुलाधिपति, कुलाधिपति के दायित्वों के निर्वहन में सहायता प्रदान उसकी अनुपस्थिति में बैठकों एवं किसी दीक्षान्त समारोह का सभापतित्व करेगा।

(3) प्रति–कुलाधिपति, कुलाधिपति को सम्बोधित स्व–लिखित पत्र द्वारा अपन सकेगा।

कुलपति

13–(1) कुलपति की नियुक्ति कुलाधिपति द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए से की जायेगी जैसी विहित की जाय।

(2) कुलपति विश्वविद्यालय का प्रमुख कार्यपालक और शैक्षणिक अधिकारी विश्वविद्यालय की कार्य परिषद्, विद्या परिषद्, वित्त समिति, नियोजन बोर्ड एवं अन्य अध्यक्ष होगा तथा वह विश्वविद्यालय के कार्यकलापों पर सामान्य पर्यवेक्षण और निय और विश्वविद्यालय के समस्त प्राधिकारियों के निर्णयों को प्रभावी करेगा।

(3) कुलपति की राय में यदि किसी मामले में तुरन्त कार्यवाही करना आवश वह इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी को प्र शक्ति का प्रयोग कर सकता है और ऐसे मामले में वह कृत–कार्यवाही से उस प्रा अवगत करायेगा :

परन्तु यह कि यदि उसमें परिनियमों या अध्यादेशों के उपबन्धों से कोई विच कुलाधिपति के पूर्वानुमोदन के बिना कुलपति कोई ऐसी कार्यवाही नहीं करेगा :

परन्तु यह और कि विश्वविद्यालय में सेवारत, किसी प्राधिकारी या व्यक्ति व उपधारा के अधीन कुलपति द्वारा की गयी कार्यवाही से व्यथित हो, यह अधिकार हो आदेश के संसूचित किये जाने की तिथि से एक माह के भीतर कुलाधिपति को इस व विरुद्ध अपील करे और तदुपरान्त कुलाधिपति, कुलपति द्वारा की गयी कार्यवाही संशोधित या उपान्तरित कर सकेगा या उसे उलट सकेगा।

(4) कुलपति ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे अन्य कृत्यों का सम्पादन विहित किये जांय।

प्रति–कुलपति

14–(1) प्रति–कुलपति की नियुक्ति कुलपति द्वारा कुलाधिपति के अनुमोदन सकेगी और वह ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों का सम्पादन करेगा जैसे f जांय ।

(2) उपधारा (1) के अधीन नियुक्त प्रति–कुलपति आचार्य के रूप में अप साथ–साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेगा।

(3) प्रति–कुलपति, जैसी और जब कुलपति द्वारा अपेक्षा की जाए, दिन–३ कर्तव्यों के निर्वहन में कलपति की सहायता करेगा।

(4) प्रति–कुलपति ऐसी धनराशि का मानदेय प्राप्त करेगा जैसी विहित की जाय।

कोषाध्यक्ष

15–(1) कोषाध्यक्ष की नियुक्ति सोसाइटी द्वारा कुलाधिपति के परामर्श से ऐसी रीति से की जायेगी और वह ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे कृत्यों का सम्पादन करेगा, जैसे विहित किये जांय।

(2) कोषाध्यक्ष वार्षिक आय–व्ययक, वार्षिक सम्परीक्षा, निधियों आदि के आवंटन सहित समस्त वित्तीय मामलों में सोसाइटी एवं कुलपति को परामर्श देगा और विश्वविद्यालय के वित्त पर सामान्य पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण रखेगा।

कुलसचिव

16–(1) कुलसचिव की नियुक्ति ऐसी रीति से की जाएगी जैसी विहित की जाय।

(2) कुलसचिव को यह शक्ति होगी कि वह विश्वविद्यालय की ओर से अनुबन्ध करे, दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करे और अभिलेखों को अभिप्रमाणित करे और वह ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे अन्य कार्यों का सम्पादन करेगा जैसे विहित किये जांय।

(3) कुलसचिव कार्य परिषद् और विद्या परिषद् का पदेन सचिव होगा।

वित्त अधिकारी

17–(1) वित्त अधिकारी की नियुक्ति ऐसी रीति से की जायेगी और वह ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों का सम्पादन करेगा जैसे विहित किये जांय।

(2) वित्त अधिकारी वित्त समिति का पदेन–सचिव होगा।

परीक्षा नियन्त्रक

18–परीक्षा नियन्त्रक की नियुक्ति कुलपति द्वारा ऐसी रीति से की जाएगी और वह ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों का सम्पादन करेगा जैसे विहित किये जांय।

निदेशक / प्राचार्य

19–संघटक महाविद्यालयों के निदेशक अथवा प्राचार्य की नियुक्ति कुलपति द्वारा ऐसी रीति से की जाएगी और वह ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों का सम्पादन करेगा जैसे विहित किये जांय

अन्य अधिकारी

20–विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों, जिनमें प्रवेश नियंत्रक, संकायों के संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण का संकायाध्यक्ष और मुख्य कुलानुशासक भी हैं, की नियुक्ति की रीति और शक्तियाँ तथा कृत्य ऐसे होंगे जैसे विहित किये जांय ।

विश्वविद्यालय के प्राधिकारी

21–विश्वविद्यालय के निम्नलिखित प्राधिकारी होंगे :–

(क) सभा;

(ख) कार्य परिषद्;

(ग) विद्या परिषद्;

(घ) नियोजन बोर्ड;

(ङ) वित्त समिति;

(च) परीक्षा समिति;

(छ) प्रवेश समिति;

(ज) संकाय बोर्ड;

(झ) ऐसे अन्य प्राधिकारी, जिन्हें परिनियमों द्वारा विश्वविद्यालय का प्राधिकारी घोषित किया जाय।

सभा

22–(1) सभा के गठन और उसके सदस्यों की पदावधि आदि ऐसी होगी जैसी विहित की जाय।

(2) सभा एक प्रमुख परामर्शी निकाय होगी। इस अधिनियम, के उपबन्धों के अधीन रहते हुए उसकी निम्नलिखित शक्तियाँ और कृत्य होंगे, अर्थात्:–

(क) विश्वविद्यालय की व्यापक नीतियों और कार्यक्रमों का समय–समय पर पुनरीक्षण करना और विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली, उसके उन्नयन और विकास के लिए उपायों हेतु सुझाव देना;

(ख) विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक लेखों और ऐसे लेखों पर सम्परीक्षा रिपोर्ट पर विचार करना और संकल्प पारित करना;

(ग) कुलाधिपति को किसी मामले के सम्बन्ध में जो उसे संदर्भित किया जाय, परामर्श देना;

(घ) ऐसे अन्य कृत्यों का सम्पादन करना जैसे विहित किये जांय।

कार्य परिषद्

23–(1) कार्य परिषद् विश्वविद्यालय की प्रमुख कार्यपालक निकाय होगी।

(2) कार्य परिषद् का गठन, इसके सदस्यों की पदावधि तथा उसकी शक्तियाँ और कृत्य ऐसे होंगे जैसे विहित किए जायें।

विद्या परिषद्

24–(1) विद्या परिषद् विश्वविद्यालय की प्रमुख शैक्षणिक निकाय होगी तथा इस अधिनियम और तदधीन बनाये गये परिनियमों और अध्यादेशों के उपबन्धों के अधीन रहते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक नीतियों का समन्वय करेगी और उसका सामान्य पर्यवेक्षण करेगी।

(2) विद्या परिषद् का गठन, इसके सदस्यों की पदावधि और उसकी शक्तियाँ और कृत्य ऐसे होंगे जैसे विहित किये जांय।

नियोजन बोर्ड

25–(1) नियोजन बोर्ड विश्वविद्यालय का प्रमुख नियोजन निकाय होगा। बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि अवस्थापना और शैक्षणिक सहायता प्रणाली विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या अन्य नियामक प्राधिकरणों के मानकों को पूर्ण करे।

(2) नियोजन बोर्ड का गठन, उसके सदस्यों की पदावधि और इसकी शक्तियाँ और कृत्य ऐसे होंगे जैसे विहित किये जांय।

वित्त समिति

26–(1) वित्त समिति विश्वविद्यालय के वित्तीय मामलों की देख–भाल करने के लिए प्रधान वित्तीय निकाय होगी।

(2) वित्त समिति का गठन, शक्तियाँ और कृत्य ऐसे होंगे जैसे विहित किये जांय।

परीक्षा समिति

27–परीक्षा समिति का गठन, इसके सदस्यों की पदावधि, शक्तियाँ और कृत्य ऐसे होंगे जैसे विहित किये जांय।

अन्य प्राधिकारी

28–विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति, संकाय परिषद् और ऐसे अन्य प्राधिकारी, जिन्हें परिनियमों द्वारा विश्वविद्यालय का प्राधिकारी घोषित किया जाय, के गठन, शक्तियाँ और कृत्य ऐसे होंगे जैसे विहित किये जांय।

परिनियम बनाने की शक्ति

29–(1) कार्य परिषद् कुलाधिपति के अनुमोदन से इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए परिनियम बनाएगी :

परन्तु यह कि ऐसा कोई परिनियम, जिससे कि विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की संख्या तथा परिलब्धियों अथवा विश्वविद्यालय की आय या व्यय पर प्रभाव पड़े, तब तक नहीं बनाया जायेगा, जब तक कि उसका प्रारूप सोसाइटी द्वारा अनुमोदित न कर दिया गया हो।

(2) इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, परिनियमों में निम्नलिखित सभी विषयों या उनमें से किसी विषय के लिए उपबन्ध किये जायेंगे, अर्थात्:–

(क) विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों तथा अन्य निकायों, जिनका समय–समय पर गठन किया जाय, का गठन, उनकी शक्तियाँ एवं कृत्य;

(ख) उक्त प्राधिकारियों के सदस्यों की नियुक्ति और निरन्तरता, सदस्यों की रिक्तियों का भरा जाना और उन प्राधिकारियों से सम्बन्धित अन्य समस्त मामले जिनके लिए उपबन्ध करना आवश्यक हो;

(ग) विश्वविद्यालय के अधिकारियों की नियुक्ति, शक्तियाँ और कर्तव्य और उनकी परिलब्धियाँ;

(घ) विश्वविद्यालय के अध्यापकों तथा अन्य शैक्षणिक और प्रशासनिक कर्मचारिवर्ग की नियुक्ति और उनकी परिलब्धियाँ;

(ङ) किसी अन्य विश्वविद्यालय या संस्था में कार्यरत अध्यापकों और अन्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कर्मचारिवर्ग की किसी संयुक्त परियोजना का दायित्व ग्रहण करने के लिए एक निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति;

(च) सेवा–नैवृत्तिक लाभों, बीमा और भविष्य निधि, सेवा समाप्ति की रीति और अनुशासनात्मक कार्यवाहियों सहित कर्मचारियों की सेवा शर्तें;

(छ) कर्मचारियों की सेवा की ज्येष्ठता को निर्धारित करने वाले सिद्धान्त;

(ज) कर्मचारियों या छात्रों तथा विश्वविद्यालय के मध्य विवादों के निपटारे की प्रक्रिया;

(झ) विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी या प्राधिकारी के किसी कृत्य के विरुद्ध किसी कर्मचारी या छात्र द्वारा अपील करने की प्रक्रिया;

(ञ) सम्मानार्थ उपाधियों का प्रदान किया जाना;

(ट) उपाधि, डिप्लोमा, प्रमाण–पत्र और अन्य विद्या सम्बन्धी विशिष्टियों को वापस लेना;

(ठ) अध्येतावृत्तियों, छात्रवृत्तियों, अध्ययनवृत्तियों, पदकों और पुरस्कारों को संस्थित करना;

(ड) छात्रों के मध्य अनुशासन बनाये रखना;

(ढ) विभागों, केन्द्रों और अन्य संघटक संस्थाओं/महाविद्यालयों आदि की स्थापना और उनका समाप्ति;

(ण) विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों या अधिकारियों में निहित शक्तियों का प्रत्यायोजन; और

(त) अन्य सभी विषय जो इस अधिनियम के अधीन परिनियमों द्वारा विहित किये जाने हों या विहित किये जा सकते हों।

(3) कार्य परिषद् विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी की प्रास्थिति, शक्ति या गठन को प्रभावित करने वाले किसी परिनियम को न तो बनायेगी और न ही उसमें संशोधन या निरसन करेगी, जब तक कि प्रस्तावित परिवर्तनों पर ऐसे प्राधिकारी को लिखित रूप में अपनी राय व्यक्त करने का अवसर न दे दिया गया हो और इस प्रकार व्यक्त की गयी किसी राय पर कार्य परिषद् द्वारा विचार किया जायेगा।

(4) पूर्ववर्ती उपधाराओं में दी गयी किसी बात के होते हुए भी कुलाधिपति सम्बन्धित प्राधिकारी को अपने द्वारा विनिर्दिष्ट किसी मामले के सम्बन्ध में परिनियमों में उपबन्ध करने का निर्देश दे सकता है और यदि सम्बन्धित प्राधिकारी ऐसे किसी निर्देश को उसकी प्राप्ति के साठ दिनों के भीतर लागू करने में असमर्थ रहे तो कुलाधिपति ऐसे निर्देश का अनुपालन करने में उसकी असमर्थता के लिए सम्बन्धित प्राधिकारी या कार्य परिषद् द्वारा संसूचित कारणों, यदि कोई हो, पर विचार करने के पश्चात् परिनियमों को तदनुसार उपयुक्त रूप में बना सकता है या उसमें संशोधन कर सकता है।

अध्यादेश बनाने की शक्ति

30–इस अधिनियम और परिनियमों के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, अध्यादेश कार्य परिषद् द्वारा बनाये जायेंगे, जिसमें निम्नलिखित सभी विषयों या उनमें से किसी विषय के लिए उपबन्ध किये जा सकेंगे, अर्थात्:–

(क) विश्वविद्यालय में छात्रों का प्रवेश और इस रूप में उनका नामांकन;

(ख) विश्वविद्यालय की सभी उपाधियों, डिप्लोमा और प्रमाण–पत्रों के लिये अध्ययन पाठ्यक्रमों का निर्धारित किया जाना;

(ग) शिक्षण और परीक्षा का माध्यम;

(घ) उपाधि, डिप्लोमा, प्रमाण–पत्र तथा शैक्षणिक विशिष्टियाँ प्रदान करना और उनकी अर्हतायें निर्धारित करना और उन्हें प्रदान किये जाने और प्राप्त करने के सम्बन्ध में किये जाने वाले उपाय;

(ङ) विश्वविद्यालय में अध्ययन पाठ्यक्रमों के लिए और विश्वविद्यालय की डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण–पत्रों की परीक्षाओं में प्रवेश के लिए प्रभार्य शुल्क का निर्धारण;

(च) अध्येतावृत्तियों, छात्रवृत्तियों, अध्ययनवृत्तियों, पदकों और पारितोषिकों को प्रदान करने की शर्तें;

(छ) परीक्षाओं का संचालन, जिसके अन्तर्गत परीक्षा निकायों, परीक्षकों और अनुसीमकों की पदावधि और नियुक्ति की रीति और कर्तव्य भी हैं;

(ज) विश्वविद्यालय के छात्रों के निवास की शर्तें;

(झ) छात्राओं के निवास, अनुशासन और अध्यापन के लिये बनायी जाने वाली विशेष व्यवस्थायें, यदि कोई हों, और उनके लिए विश्वविद्यालय के अन्तर्गत विशेष अध्ययन पाठ्यक्रमों को विहित करना;

(ञ) ऐसे कर्मचारियों, जिनके लिए परिनियम में उपबन्ध किया गया हो, से भिन्न कर्मचारियों की नियुक्ति और परिलब्धियाँ;

(ट) अध्ययन केन्द्रों, अध्ययन बोर्डों, संस्थाओं, अन्तर्शाखीय अध्ययन, विशिष्ट केन्द्रों, विशिष्टीकृत प्रयोगशालाओं, चिकित्सालयों, शोध केन्द्रों आदि तथा अन्य समितियों की स्थापना;

(ठ) अन्य विश्वविद्यालयों तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्राधिकरणों, जिसके अन्तर्गत विद्वत् निकाय और संघ भी हैं, के साथ सहयोग और सहभागिता की रीति;

(ड) किसी ऐसे अन्य निकाय जो विश्वविद्यालय के शैक्षणिक जीवन में सुधार के लिए आवश्यक समझे जायें, के सृजन, संरचना और कृत्य;

(ढ) परीक्षकों, अनुपरीक्षकों, अन्तःनिरीक्षकों और सारणीयकों को भुगतान किये जाने वाले पारिश्रमिक; और

(ण) अध्यापकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारिवर्ग की सेवा की ऐसी अन्य निबन्धन और शर्तें, जो परिनियमों द्वारा विहित न हों।

विनियम

31–(1) इस अधिनियम, परिनियमों तथा अध्यादेशों के उपबन्धों के अधीन रहते हुए विश्वविद्यालय का कोई भी प्राधिकारी या निकाय उसके कार्यों के संचालन के लिए विनियम बना सकेगा।

(2) कार्य परिषद्, सभा से भिन्न विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या निकाय को किसी विनियम को रद्द करने या संशोधित करने का निर्देश दे सकती है।

वार्षिक रिपोर्ट

32–(1) विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट कार्य परिषद् के निर्देशाधीन तैयार की जायेगी तथा उसे ऐसे दिनांक को या उसके पश्चात् सभा को प्रस्तुत किया जायेगा जैसा विहित किया जाय और सभा अपनी वार्षिक बैठक में उस पर विचार करेगी।

(2) सभा अपनी टिप्पणी के साथ, यदि कोई हो, वार्षिक रिपोर्ट कुलाधिपति को प्रस्तुत करेगी।

वार्षिक लेखा

33–(1) विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखे और तुलन–पत्र कार्य परिषद् के निर्देशों के अधीन तैयार किये जायेंगे और उनकी सम्परीक्षा प्रख्यात चार्टर्ड लेखाकारों की अनुभवी और अर्ह फर्म, जिसकी नियुक्ति सोसाइटी के अनुमोदन से की जायेगी, द्वारा वर्ष में कम से कम एक बार जो पन्द्रह माह के अन्तराल से अधिक नहीं होगी, करायी जायेगी।

(2) सम्परीक्षा रिपोर्ट के साथ वार्षिक लेखों की प्रति कार्य परिषद् की संवीक्षाओं सहित सभा एवं कुलाधिपति को प्रस्तुत की जायेगी।

(3) कुलाधिपति द्वारा वार्षिक लेखों पर की गयी प्रत्येक संवीक्षा सभा और कार्य परिषद् की जानकारी में लाई जायेगी और कार्य परिषद् द्वारा पुनर्विलोकन किये जाने के पश्चात् वे संवीक्षाएँ, यदि कोई हों, कुलाधिपति को उनके अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की जायेंगी।

कर्मचारियों की सेवा की शर्तें

34–(1) विश्वविद्यालय का प्रत्येक कर्मचारी परिनियमों एवं अध्यादेशों के उपबन्धों के अनुसार नियुक्त किया या काम पर लगाया जायेगा।

(2) विश्वविद्यालय और मौलिक रूप से नियुक्त किसी कर्मचारी के मध्य उठने वाले किसी विवाद को कार्य परिषद् को निर्दिष्ट किया जायेगा जो कर्मचारी को युक्तियुक्त अवसर प्रदान करने के पश्चात् उसको निर्देश के दिनांक से तीन मास के भीतर विवाद का निर्णय करेगी।

(3) व्यथित कर्मचारी, कार्य परिषद् के आदेश के विरुद्ध कुलाधिपति को अपील कर सकता है।

(4) कुलाधिपति का निर्णय अन्तिम होगा और कुलाधिपति द्वारा निर्णीत मामलों के सम्बन्ध में कोई वाद किसी विधि न्यायालय में संस्थित नहीं किया जा सकेगा।

(5) अस्थायी रूप से या तदर्थ आधार पर या अंशकालिक या आकस्मिक आधार पर कार्यरत किसी कर्मचारी के सम्बन्ध में किसी विवाद की सुनवाई और उसका निर्णय अन्तिम रूप से कुलपति द्वारा किया जायेगा।

अपील का अधिकार

35–(1) किसी परीक्षा के लिए कोई छात्र या अभ्यर्थी, जिसका नाम, यथास्थिति, विद्या परिषद्, कुलानुशासक बोर्ड या परीक्षा नियन्त्रक के आदेश या संकल्प द्वारा विश्वविद्यालय की नामांकन सूची से हटा दिया गया हो और जिसको एक से अधिक वर्ष तक के लिए विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में सम्मिलित होने से वर्जित कर दिया गया हो, अपने द्वारा ऐसे आदेशों की प्राप्ति के दिनांक के दस दिन के भीतर लिखित रूप में कुलपति को अपील कर सकता है जो यथास्थिति, उपर्युक्त प्राधिकारियों या सम्बन्धित समिति के विनिश्चय को पुष्ट, उपान्तरित या पलट सकता है।

(2) कुलपति द्वारा लिया गया कोई निर्णय अन्तिम होगा।

कर्मचारी भविष्य निधि और कल्याणकारी योजना

36–विश्वविद्यालय अपने कर्मचारियों के लाभ के लिए ऐसी रीति से और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए ऐसी कल्याणकारी योजना या भविष्य निधि का गठन कर सकता है या ऐसी बीमा योजनाओं की व्यवस्था कर सकता है जैसा विहित किया जाय।

प्राधिकरणों और निकायों के गठन में विवाद

37–यदि ऐसा कोई प्रश्न उत्पन्न हो कि क्या कोई व्यक्ति विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या अन्य निकाय के सदस्य के रूप में सम्यक् रूप से नामित या नियुक्त किया गया है या वह उसका सदस्य होने का हकदार है तो ऐसे मामले को कुलाधिपति को निर्दिष्ट किया जायेगा, जिसका उस विषय में विनिश्चय अन्तिम होगा।

समितियों का गठन

38–जहाँ विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी को इस अधिनियम या परिनियमों के अधीन समितियाँ नियुक्त करने की शक्ति दी गयी हो वहाँ ऐसी समितियों में अन्यथा उपबन्धित के सिवाय, सम्बन्धित प्राधिकारी के सदस्य और ऐसे अन्य व्यक्ति जिन्हें प्राधिकारी प्रत्येक मामले में उचित समझें, होंगे।

रिक्तियों का भरा जाना

39–विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या अन्य निकाय के सदस्यों (पदेन सदस्यों से भिन्न) में हुई सभी रिक्तियों को ऐसे व्यक्ति या निकाय द्वारा जिसने उन सदस्यों को जिनके स्थान रिक्त हुए हैं, नियुक्त या नामांकित या सहयोजित किया था, ऐसी अवधि के लिए जिसका प्राविधान उपयुक्त धारा में किया गया हो, यथाशक्य शीघ्र भरा जायेगा।

कार्यवाही की अविधिमान्यता

40–विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या निकाय या समिति का कोई कार्य या कार्यवाही उसके सदस्यों में किसी रिक्ति या रिक्तियों की विद्यमानता मात्र के कारण अविधिमान्य नहीं होगी।

विश्वविद्यालय के अभिलेखों को प्रमाणित करने की रीति

41–विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या समिति की किसी रसीद, आवेदन, सूचना, आदेश, कार्यवाही, संकल्प या अन्य दस्तावेज या विश्वविद्यालय द्वारा यथाविधि अनुरक्षित किसी रजिस्टर की किसी प्रविष्टि की प्रति को यदि कुलसचिव द्वारा प्रमाणित किया गया हो तो ऐसी रसीद, आवेदन, सूचना, आदेश, कार्यवाही, संकल्प या अन्य दस्तावेज को या रजिस्टर में प्रविष्टि की विद्यमानता को प्रथमदृष्ट्या साक्ष्य के रूप में ग्रहण किया जायेगा और उसमें अभिलिखित विषय और व्यवहार को साक्ष्य के रूप में उसी प्रकार ग्रहण किया जायेगा, जैसा कि यदि मूल प्रति प्रस्तुत की गयी होती, तो वह साक्ष्य के रूप में ग्राह्य होती।

परिनियमों और अध्यादेशों का प्रकाशन

42–(1) इस अधिनियम के अधीन बनाया गया प्रत्येक परिनियम या अध्यादेश लिखित रूप में उपलब्ध कराया जायेगा।

(2) इस अधिनियम के अधीन बनाया गया प्रत्येक नया परिनियम या अध्यादेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा बनाये जाने पर यथाशीघ्र प्रवृत्त किया जायेगा।

स्थायी विन्यास निधि

43–(1) सोसाइटी कम से कम दस करोड़ रूपये की एक स्थायी विन्यास निधि स्थापित करेगी।

(2) विश्वविद्यालय को स्थायी विन्यास निधि को ऐसी रीति से, जैसे विहित किया जाए, निवेश करने की शक्ति होगी।

(3) विश्वविद्यालय सामान्य निधि से या विकास निधि से कोई धनराशि स्थायी विन्यास निधि को अन्तरित कर सकेगा।

(4) उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट न्यूनतम धनराशि से अधिक कोई धनराशि विश्वविद्यालय के विकास के प्रयोजनार्थ विश्वविद्यालय द्वारा स्थायी विन्यास निधि से निकाली जा सकेगी।

सामान्य निधि

44–(1) विश्वविद्यालय सामान्य निधि की स्थापना करेगा, जिसमें निम्नलिखित धनराशि जमा की जाएगी, अर्थात्:–

(क) सभी शुल्क जिन्हें विश्वविद्यालय द्वारा प्रभारित किया जाय;

(ख) किसी अन्य स्रोत से प्राप्त की गयी समस्त धनराशि;

(ग) सोसाइटी द्वारा किए गए सभी अंशदान; और

(घ) किसी अन्य व्यक्ति या निकाय द्वारा जिसे तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि द्वारा निषिद्ध न किया गया हो, इस निमित्त किए गए सभी अंशदान और अभिदान की राशि।

(2) सामान्य निधि में जमा धनराशि का उपयोग विश्वविद्यालय के सभी आवर्ती व्ययों के लिए किया जायेगा।

विकास निधि

45–(1) विश्वविद्यालय एक विकास निधि भी स्थापित करेगा, जिसमें निम्नलिखित धनराशि जमा की जाएगी; अर्थात्:–

(क) विकास शुल्क जो छात्रों से प्रभारित किया जा सकेगा;

(ख) विश्वविद्यालय के विकास के प्रयोजनार्थ किसी अन्य स्रोत से प्राप्त की गयी समस्त धनराशि;

(ग) सोसाइटी द्वारा किए गए सभी अंशदान;

(घ) किसी अन्य व्यक्ति या निकाय द्वारा, जिसे तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि द्वारा निषिद्ध न किया गया हो, इस निमित्त दिए गए सभी अंशदान, अभिदान की राशि एवं भेंट आदि; और

(ङ) स्थायी विन्यास निधि से प्राप्त की गयी समस्त आय।

(2) विकास निधि में समय–समय पर जमा की गयी धनराशि का उपयोग विश्वविद्यालय के विकास के लिए किया जायेगा।

निधि का अनुरक्षण

46–धारा 43, 44 एवं 45 के अधीन स्थापित निधियों को सभा के सामान्य पर्यवेक्षण और नियन्त्रण के अधीन रहते हुए ऐसी रीति से विनियमित और अनुरक्षित किया जायेगा जैसी विहित की जाय।

वित्तीय शर्तें

47–विश्वविद्यालय राज्य सरकार अथवा राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन और नियंत्रणाधीन किसी अन्य निकाय अथवा निगम से किसी सहायतानुदान अथवा किसी वित्तीय सहायता के लिए पात्र नहीं होगा।

शुल्क

48–विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए प्रभारित शुल्क तत्समय प्रवृत्त विधि के अनुसार लिया जायेगा।

सूचनाओं एवं अभिलेखों को मांगने के लिए राज्य सरकार की शक्तियां

49–(1) विश्वविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी या अधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वह विश्वविद्यालय के प्रशासन अथवा वित्तीय और अन्य कार्यकलापों से सम्बन्धित सूचनाओं या अभिलेखों को प्रस्तुत करे जैसा कि राज्य सरकार द्वारा माँग की जाय।

(2) राज्य सरकार यदि यह समझती है कि इस अधिनियम अथवा परिनियमों या उसके अन्तर्गत बने अध्यादेशों के उपबन्धों का उल्लंघन हुआ है तो वह विश्वविद्यालय को ऐसे निर्देश जारी कर सकती है जिसे वह आवश्यक समझे।

विश्वविद्यालय का विघटन

50–(1) यदि सोसाइटी अपने गठन और निगमन को विनियमित करने वाली विधि के अनुसार अपने विघटन का प्रस्ताव करती है तो वह राज्य सरकार को कम से कम छः माह की लिखित नोटिस देगी।

(2) उपधारा (1) में निर्दिष्ट नोटिस के प्राप्त होने पर राज्य सरकार विश्वविद्यालय के विघटन के दिनांक से और जब तक विश्वविद्यालय के नियमित शिक्षण पाठ्यक्रमों में छात्रों का अन्तिम बैच अपने शिक्षण पाठ्यक्रमों को ऐसी रीति से पूरा न कर ले, विश्वविद्यालय के प्रशासन की ऐसी व्यवस्था करेगा जैसी विहित की जाय।

विघटन के दौरान विश्वविद्यालय का व्यय

51–(1) धारा 50 के अधीन विश्वविद्यालय के दायित्व ग्रहण करने की अवधि के दौरान विश्वविद्यालय के प्रशासन के लिए व्यय का वहन स्थायी विन्यास निधि, सामान्य निधि और विकास निधि से किया जायेगा।

(2) यदि उपधारा (1) में निर्दिष्ट निधि, विश्वविद्यालय के दायित्व को ग्रहण करने के दौरान विश्वविद्यालय के व्यय को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है तो राज्य सरकार द्वारा ऐसा व्यय विश्वविद्यालय की सम्पत्तियों या आस्तियों का व्ययन करके किया जा सकेगा।

विश्वविद्यालय की मान्यता वापस लिया जाना

52–(1) जहाँ राज्य सरकार को इस अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार विश्वविद्यालय के कार्य न करने के सम्बन्ध में कोई शिकायत प्राप्त हो तो वह विश्वविद्यालय को शिकायत की मूल प्रति भेजते हुए विश्वविद्यालय से अपेक्षा करेगी कि ऐसे समय के भीतर, जो तीन माह से कम नहीं होगा, कारण बताये कि विश्वविद्यालय की मान्यता क्यों न वापस ले ली जाय।

(2) उपधारा (1) के अधीन दी गयी नोटिस पर विश्वविद्यालय का उत्तर प्राप्त हो जाने पर यदि राज्य सरकार का समाधान हो जाय कि प्रथमदृष्ट्या इस अधिनियम के उपबन्धों के कुप्रबन्ध या उल्लंघन का मामला पाया गया है तो वह ऐसी जाँच करने का आदेश देगी जिसे वह आवश्यक समझे।

(3) उपधारा (2) के अधीन किसी जाँच के प्रयोजनों के लिए राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा जाँच प्राधिकारी के रूप में किसी अधिकारी या प्राधिकारी को इस अधिनियम के उपबन्धों के उल्लंघन के अभिकथन की जाँच के लिए नियुक्त करेगी।

(4) उपधारा (3) के अधीन प्रत्येक जाच आधकारा का इस आधानयम के अधीन अपने कृत्यों का सम्पादन करते समय सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अधीन किसी वाद का और विशिष्टतया निम्नलिखित मामलों के सम्बन्ध में विचारण करने वाले सिविल न्यायालय की शक्ति होगी, अर्थात्:–

(क) किसी साक्षी को सम्मन करना और उपस्थित होने के लिए बाध्य करना और शपथ दिलाकर उसका बयान लेना;

(ख) किसी दस्तावेज के प्रकटीकरण और प्रस्तुत करने की अपेक्षा करना;

(ग) किसी कार्यालय से किसी लोक अभिलेख या उसकी प्रति की माँग करना

(घ) शपथ पत्रों पर साक्ष्य प्राप्त करना; और

(ङ) कोई अन्य मामला जो विहित किया जाय।

(5) यदि जाँच रिपोर्ट की प्राप्ति पर राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि विश्वविद्यालय ने अधिनियम का उल्लंघन किया है तो वह विश्वविद्यालय को निर्देश देगी कि वह आवश्यक सुधार करे और इस अधिनियम के उपबन्धों के समुचित क्रियान्वयन के लिए सुझाव देगी।

(6) यदि यह अनुभव किया जाता है कि विश्वविद्यालय ने लगातार तीन बार अधिनियम के उपबन्धों का उल्लंघन किया है तो राज्य सरकार विश्वविद्यालय से अपेक्षा करेगी कि ऐसे समय के भीतर, जो दो मास से कम न हो, कारण बताये कि विश्वविद्यालय की मान्यता क्यों न वापस ले ली जाय। विश्वविद्यालय का उत्तर प्राप्त हो जाने पर यदि राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि प्रथमदृष्ट्या इस अधिनियम के उपबन्धों के उल्लंघन का मामला पाया गया है तो वह गजट में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्वानुमोदन से विश्वविद्यालय की मान्यता वापस ले सकती है।

(7) उपधारा (6) के अधीन विश्वविद्यालय के प्रबन्ध की अवधि के दौरान, राज्य सरकार स्थायी विन्यास निधि, सामान्य निधि या विकास निधि का उपयोग विश्वविद्यालय के कार्यकलापों के प्रबन्ध के प्रयोजनों के लिए कर सकेगी। यदि विश्वविद्यालय की निधि, विश्वविद्यालय के अपेक्षित व्यय को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है तो राज्य सरकार उक्त व्यय को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय की आस्तियों या सम्पत्तियों का व्ययन कर सकेगी।

(8) उपधारा (6) के अधीन कार्यान्वयन के पूर्व प्रत्येक अधिसूचना राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों के समक्ष रखी जायेगी।

राज्य सरकार की नीति विषयक मामलों में निर्देश देने की शक्ति

53—राज्य सरकार समय-समय पर विश्वविद्यालय को ऐसे नीति विषयक निर्देश जारी कर सकती है जो इस अधिनियम के उपबन्धों से असंगत न हों, जैसा वह आवश्यक समझे। ऐसे निर्देशों का अनुपालन विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

विघटन/ मान्यता रद्द होने पर सम्पत्तियों एवं दायित्वों की प्रास्थिति

54—ऊपर उल्लिखित किसी उपबन्ध के अधीन विश्वविद्यालय के विघटन की स्थिति में विश्वविद्यालय की समस्त आस्तियाँ और सम्पत्तियाँ, जिसमें स्थायी विन्यास निधि, सामान्य निधि या कोई अन्य निधि सम्मिलित है तथा विश्वविद्यालय के दायित्वों सहित सोसाइटी में निहित हो जायेंगे।

कठिनाईयाँ दूर करने की शक्ति

55—(1) राज्य सरकार ऐसी किसी कठिनाई को, विशिष्टतया, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973, के उपबन्धों से इस अधिनियम के उपबन्धों के संक्रमण के सम्बन्ध में, दूर करने के प्रयोजनार्थ यह निर्देश दे सकेगी कि इस अधिनियम के उपबन्ध ऐसी कालावधि जो आदेश में विनिर्दिष्ट की जाय, ऐसे अनुकूलनों के अधीन रहते हुए, चाहे वह परिष्कार, परिवर्द्धन या लोप के रूप में हों, जिन्हें वह आवश्यक या समीचीन समझे, प्रभावी होंगे:

परन्तु यह कि इस अधिनियम के प्रारम्भ के दिनांक से दो वर्ष के पश्चात् ऐसा कोई आदेश नहीं किया जायेगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश किये जाने के बाद यथाशीघ्र राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों के समक्ष रखा जायेगा।

(3) उपधारा (1) के किसी आदेश पर किसी न्यायालय में इस आधार पर आपत्ति नहीं की जायेगी कि कोई कठिनाई जैसी उस उपधारा में निर्दिष्ट की गई है, विद्यमान नहीं थी अथवा उनको दूर करना अपेक्षित नहीं था।

उद्देश्य और कारण

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निजी क्षेत्रों की सहभागिता को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से यह विनिश्चय किया गया है कि रामा एजूकेशनल सोसाइटी, कानपुर जो सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी है, द्वारा प्रायोजित कानपुर में रामा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के नाम से एक विश्वविद्यालय स्थापित करके उसको निगमित किया जाय जिससे कि शिक्षा का अभिनवीकरण, पाठ्यक्रमों की समुचित संरचना, अध्यापन और ज्ञानोपार्जन की नवीन पद्धति के लिए और व्यक्तित्व के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए विद्यार्थियों और अध्यापकों को आवश्यक वातावरण और सुविधा प्रदान की जा सके।

तदनुसार, रामा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2013 पुरःस्थापित किया जाता है।

आज्ञा से,
एस० बी० सिंह,
प्रमुख सचिव।

No. 46(2)/LXXIX-V-1–14-1(Ka)-8-2013

Dated Lucknow, January 10, 2014

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the Rama Vishwavidyalaya Uttar Pradesh Adhiniyam, 2013 (Uttar Pradesh Adhiniyam Sankhya 1 of 2014) as passed by the Uttar Pradesh Legislature and assented to by the Governor on January 10, 2014.

THE RAMA UNIVERSITY UTTAR PRADESH ACT, 2013

(U. P. ACT NO. 1 OF 2014)

[*As passed by the Uttar Pradesh Legislature*]

AN

ACT

to establish and incorporate a teaching University sponsored by the Rama Educational Society, Kanpur at Kanpur in Uttar Pradesh and to provide for matters connected therewith or incidental thereto.

IT IS HEREBY enacted in the Sixty-fourth Year of the Republic of India as follows:-

Short title

1. This Act may be called the Rama University Uttar Pradesh Act, 2013.

Definitions

2. In this Act, unless the context otherwise requires:-

(a) "Academic Council" means the Academic Council of the University;

(b) "Board" means the Board of Studies and the Planning Board, or any other Board of the University;

(c) "Chancellor", "Vice-Chancellor" and "Pro-Vice Chancellor" mean respectively the Chancellor, the Vice-Chancellor and the Pro-Vice Chancellor of the University;

(d) "Court" means the Court of the University;

(e) "Director/Principal" means the head of an Institution, a College, a Centre and a School or the person appointed for the purpose to act as such in his absence;

(f) "Department" means a Department of Studies and includes Centre of Studies and Research;

(g) "employee" means any person appointed by the University and includes a teacher or any other member of the staff of the University;

(h) "Executive Council" means the Executive Council of the University;

(i) "existing college" means a college or an institution which imparts education and is proposed to be merged and maintained by the University;

(j) "Faculty" means a Faculty of the University

(k) "hostel" means students' hostel of the University ;

(l) "Institution/ College" means an academic institution or college established, maintained by the University in accordance with this Act and the Statutes and includes hospital, health and research centre;

(m) "prescribed" means prescribed by Statutes,

(n) "records and publications" mean the Records and Publications of the University;

(o) "Society" means the Rama Educational Society, Kanpur registered under the Societies Registration Act, 1860;

(p) "Statutes", "Ordinances" and "Regulations" mean respectively, the Statutes, Ordinances and Regulations of the University for the time being in force;

(q) "student" means a student or scholar enrolled in the register of the University;

(r) "teacher of the University" means a Professor, an Associate Professor/ Assistant Professor or a Lecturer and any other person appointed for imparting education, instruction, training or conducting research in the University and is designated as teacher by the Ordinances;

